राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 04 जुलाई । राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट एवं ऊर्जा राज्यमंत्री श्री भंवरसिंह भाटी ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री रामलाल जाट एवं श्री भंवरसिंह भाटी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री वेदप्रकाश सोलंकी, सचिव श्री प्रशांत सहदेव शर्मा एवं श्री फूलसिंह ओला मौजूद रहे।

चतुर्वेदी ने बताया कि कल दिनांक 05 जुलाई, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना एवं परिवहन व सड़क सुरक्षा राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्रसिंह ओला जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री जी. आर. खटाणा, सचिव श्री महेन्द्रसिंह खेड़ी एवं श्री जियाउर रहमान इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter